दैनिक भास्कर बिलासपुर 21 फरवरी 1994

सभी के सहयोग से ही सफलता मिली



(वाणिज्य प्रतिनिधि द्वारा)

बिलासपुर! जिला उद्योग केन्द्र के सदस्य एवं मेट्रिक्स इंटरप्राइजेस के युवा उद्यमी अनिल अग्रवाल को जिले के सर्वश्रेष्ठ उत्पादकता उद्यमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उनके द्वारा अल्प अवधि में किए गए सराहनीय उत्पादन के लिए दिया गया है। एक युवा उद्यमी की सफलता निश्चित ही काबिले तारिफ है। यहां प्रस्तुत है अनिल अग्रवाल की भास्कर से बातचीत, जिसमें उनको मिली कामयाबी का पता चलता है।

सर्वश्रेष्ठ उत्पादकता उद्यामी की भास्कर से संक्षिप्त मुलाकात

दिल्ली के मैकेनिकल इंजीनियरिंग की उपाधि ले चुके अनिल अग्रवाल व्यवसाय में आने से पूर्व तक नौकरी में थे। इस डिजाइनिंग इंजीनियर एवं कई जाने पहचाने संस्थानों में सर्विस इंजीनियर रह चुके है। सन् 83 में नौकरी छोड़कर स्वयं की व्यवसाय की ओर उन्मुख हुए। पूर्व में तो छोटे स्तर पर कंट्रोल पैनल का निर्माण कर रहे थे। पर सन 83 से काम को आगे वढ़ाते हुए बड़े स्तर पर कार्य करना प्रारम्भ किया। तब से उनको सफलता पर सफलता मिलती जा रही है। पर असली सफलता उनको तब मिली जब राष्ट्रीय उत्पादकता समारोह के समापन समारोह के अवसर पर आर. के. मिश्रा अतिरिक्त संचालक उद्योग केन्द्र भोपाल द्वारा सर्वश्रेष्ठ उत्पादकता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस संबंध में श्री अग्रवाल कहते है कि ये उपलब्धि मेरी अकेले ही नहीं है। बल्कि मजदूरों के सहयोग के बलभूते पर ही ये सम्भव हो सका है।

माल की सप्लाई के संबंध में आपका कहना है कि उत्पादित कंट्रोल पैनल रेमण्ड सीमेंट, रंमण्ड वूलन मिल्स, प्रकाश इंडस्ट्रीज, जिंदल स्टील, नोवा सपंज आयरन, वूलवर्थ आफ इंडिया, लायड़ मेट्ल एण्ड इंजीनियर्स लि., फैबवर्थ, ब्लू स्टार इंडिया लिमिटेड वगैरह में सप्लाई की जाती है। विशेषकर आपका दावा है कि इस तरह का पैनल निर्माण, मध्य प्रदेश में कोई नहीं करता। पुरस्कार के लिए स्वयं का चयन किए जाने पर भी ब्यौहार महाप्रबंधक उद्योग केन्द्र के हवाले से अनिल बताते है कि निवेश के उपर छोटी पूंजी से बड़ा काम एवं लिए गए ऋण का समुचित उपयोग करने बाबत् मुझे चुना गया।